ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ (೨೦೦೫-೨೦೦೬ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಿದ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ)
**New Scheme** ( For Students studied during the Year 2005-2006 )

**Code No. 03-NS**

Total No. of Questions : 48 ] [ Total No. of Printed Pages : 7

**July, 2006**

# HINDI

**( New Syllabus )**

Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 90

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1) मरण को त्योहार माननेवाले किससे अधिक भयभीत होते हैं ?

2) रक्त में एंटीबॉडीज मिलने के पूर्व तक के समय को क्या कहते हैं ?

3) सुबेदारनी के पुत्र का नाम क्या है ?

4) पेड़ पर क्या लटक रहे थे ?

5) कूडलसंगम किन नदियों का संगमस्थल है ?

6) यमराज के द्वार पर भौंकनेवाले कुत्ते को क्या कहा जाता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 × 3 = 9

7) बाजार में ककड़ीवाला व्यापार किस प्रकार करता था ?

8) एड्स रोग के बड़े किस्म के लक्षणों का परिचय दीजिए ।

9) सुबेदारनी ने लहनासिंह से किस प्रकार प्रार्थना की ?

10) सहना को हल्कू रुपये क्यों देना चाहता है और तब मुन्नी ने हल्कू से क्या कहा ?

11) बसवेश्वर के वैवाहिक जीवन का परिचय दीजिए ।

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) सौदा हमसे हुआ है जी, ककड़ियाँ हम लेंगे ।

13) देखा तुमने, यह आ गए । कैसे इन्हें मालूम हुआ कि मैं यहाँ हूँ ।

14) देखते नहीं, यह रेशम का कढ़ा हुआ शालू ।

15) गाली क्यों देगा, क्या उसका राज है ?

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) बुढ़ापे से हार मानकर यौवन का ढोंग रचते हैं ।

17) देखते हो, यह यूथ-भ्रष्ट है । रोज फुदकती है, ठीक यहीं आ कर ।

18) जनाब, अपना बोरियाँ-बिस्तर समेटिए और जरा चलते-फिरते नज़र आइये ।

19) तुम्हें अपने कर्मों का फल स्वयं भुगतना होगा ।

III. अ) निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) कौन गाय चरा रहा है ?

21) मीरा पैरों में क्या बाँधकर नाचने लगी है ?

22) यशोधरा अपने मन की व्यथा किससे कह रही है ?

23) मानव जीवन में किसका आगमन हुआ है ?

24) घर की लक्ष्मी रोती है तो गरीब क्या करता है ?

25) मंदिर-मस्जिद क्या बढ़ाते हैं ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) तुलसीदास ने सीता जी से किस प्रकार याचना की है ?

27) राधा कृष्ण को किस प्रकार अपनी स्मृति दिलाने के लिए पवन से कहती है ?

28) यशोधरा सिद्धार्थ का स्वागत कैसे करना चाहती है ?

29) कवि धर्म के नाम पर होनेवाले झगड़ों को किस प्रकार शांत करना चाहता है ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) करि गए थोरे दिन की प्रीति ।

कहँ वह प्रीति कहाँ यह बिछुरनि, कहँ मधुबन की रीति ।

अब की बेर मिलै मनमोहन, बहुत भई विपरीति ।

**अथवा**

एक अचंभा देख्या रे भाई ।

ठाढ़ा सिंघ चरावै गाई ।

पहले पूत पीछे माई, चेला कै गुर लागै पाई ।

जल की मछली तरवर व्याई, पकडि बिलाई मुरगै खाई ।

बलहि डारि गूंनि घर आई, कुत्ता कूँ लै गई बिलाई ।

31) जलते नभ में देख असंख्यक

स्नेह-हीन नित कितने दीपक

जलमय सागर का उर जलता;

विद्युत ले घिरता है बादल ।

विहँस-विहँस मेरे दीपक जल !

**अथवा**

है गीत बेचना, वैसे बिलकुल पाप;

क्या करूँ, लाचार हार कर गीत बेचता हूँ ।

जी हाँ, हुजूर मैं गीत बेचता हूँ ।

IV. अ) निम्न प्रश्नों के एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद के भाई का नाम क्या था ?

33) गंगा मैया से मटरु किस तरह प्यार करता था ?

34) किसानों ने लगान देकर किससे जमीन माँगी ?

35) ग्रहण में किसका बड़ा महत्व है ?

36) पुजारी किसके साथ पकड़ा गया था ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) भाभी अपनी बहन की सेवा किस प्रकार करती थी ?

38) मटरु ने किसानों को किस प्रकार समझाया ?

39) जमींदारों ने दबदबा कायम रखने के लिए क्या किया ?

40) गोपीचंद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V. अ) 41) निम्नलिखित वाक्य शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

क) कुत्ता भौंक रहे हैं ।

ख) मेरे को गाँव में रहना पसंद है ।

ग) तुम्हारे से अभी रूकना है ।

घ) सोनारी एक छोटी-सी गाँव है ।

आ) 42) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : 4 × 1 = 4

( आनंद, बुखार, तंत्र, अच्छा )

च) स्वास्थ्य बहुत ................ नहीं था ।

छ) गुरुदेव यहाँ बड़े .................. में थे ।

ज) साधारण जांचों से ................... का कारण समझ में नहीं आता ।

झ) रोग प्रतिरोधक .................... पूरी तरह नष्ट हो जाता है ।

इ) 43) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

ट) दिन में पसीना छूटता है । ( भूतकाल में बदलिए )

ठ) इनकी संख्या समय बीतने के साथ-साथ जाएगी । ( वर्तमान काल में लिखिए )

ड) हल्कू ने आग जमीन पर रख दी । ( वाच्य बदलिए )

ढ) लड़कियाँ फूल चुनती हैं । ( वाच्य बदलिए )

ई) 44) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | आँखें बिछाना | a) | बड़ाई करना |
| ii) | आँचल पसारना | b) | चुगली करना |
| iii) | कान भरना | c) | हृदय की विशालता दिखाना |
| iv) | कागजी घोड़े दौड़ाना | d) | राह देखना । |

उ) 45) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

कबूतर; प्रियतम ।

ऊ) 46) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

वधू ; चंद्रमा ।

VI. 47) निम्नलिखित अनुच्छेद का सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 5

धन का व्यय विलास में करने से केवल क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है — यह धन का दुरुपयोग है, किन्तु धन का सदुपयोग सुख और शान्ति देता है । धन के द्वारा जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता है वह है, परोपकार । भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर-द्वार, विद्यार्थियों के लिए पाठशालाएँ आदि वस्तुएँ धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं । धन के कारण अमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं जो कि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं है । पर संसार में ऐसे अमीर आदमी बहुत ही कम हैं, जो अपना भोग-विलास त्याग कर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं ।

**अथवा**

परीक्षा में सफल होने के अवसर पर बधाई देते हुए अपने दोस्त को एक पत्र लिखिए ।

48) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

a) Books are my best friend.

ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು.

b) The Indian tradition is very ancient.

ಭಾರತದ ಪರಂಪರೆ ತುಂ ಹಳೆಯದು.

c) Time lost is never regained.

ಕಳೆದುಹೋದ ಸಮಯ ಮತ್ತೆ ಬರುವುದಿಲ್ಲ.

d) Ministry of Education may be consulted.

ಶಿಕ್ಷಾ ಮಂತ್ರಾಲಯದೊಂದಿಗೆ ಪರಾರ್ಶಿಸಬೇಕು.

e) We are living in an age of science.

ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ಜೀವಿಸುತ್ತಿದ್ದೇನೆ.